खियानत करने वाले का हशर

संपादक- मौलाना जलील अहसन नदवी रह.

रसूलुल्लाहﷺ ने हमारे बिच खुत्बा दिया जिसमे माले गनीमत की चोरी के मसले को बडी एहमियत के साथ पेश किया फिर आप ने फरमाया, में तुम्मे से किसी को कयामत के दिन इस हाल में नहीं देखू की उस्की गरदन पर ऊँट है जो जोर से बिलबिला रहा है, और वो शख्स कह रहा है की ए अल्लाह के रसूल! मेरी मदद फरमाए (इस गुनाह के वबाल से बचाए) तो में कहूं में तेरी कुछ भी मदद नहीं कर सकता मेंने तो तुझे दुनिया में ये बात पहुंचा दी थी.

में तुम्मे से किसी को कयामत के दिन इस हाल में नहीं देखू की उस्की गरदन पर कोई घोडा है जो हिनहिना रहा है और वो शख्स कह रहा है की ए अल्लाह के रसूल मेरी मदद को दौडिये, तो में कहूं में तेरे लिए कुछ भी नहीं कर सकता मेंने तो तुझे दुनिया में ये बात पहुंचा दी थी.

में तुम्मे से किसी को कयामत के दिन इस हाल में नहीं देखू की उस्की गरदन पर कोई बकरी सवार है और वो मिमया रही हो और ये कह रहा है ए अल्लाह के रसूल! मेरी मदद कीजिए तो में उस्की फरियाद के जवाब में कहू में यहा तेरे लिए कुछ नहीं कर सकता मेंने तो तुझे दुनिया में अहकाम पहुंचा दिया था.

में तुम्मे से किसी को कयामत के दिन इस हाल में नहीं देखू की उस्की गरदन पर कोई आदमी सवार है और वो चीख रहा है और ये शख्स कह रहा है ए अल्लाह के रसूल! मेरी मदद को पहुंचिए, तो में उस्के जवाब में कहूं में यहा तेरे लिए कुछ नहीं कर सकता, मेंने तो तुझे दुनिया में बात पहुंचा दी थी.
में तुम्मे से किसी को कयामत के दिन इस हाल में नहीं देखू की उस्की गरदन पर कपडे के टुकडे लहरा रहे है और वो कह रहा है ए अल्लाह के रसूल! मेरी मदद फरमाए तो में उस्के जवाब में कहूं में तेरे लिए कुछ नहीं कर सकता, मेंने तो तुझे दुनिया में बात पहुंचा दी थी.

में तुम्मे से किसी को कयामत के दिन इस हाल में नहीं देखू की उस्की गरदन पर सोना-चाँदी सवार है और वो कह रहा है ए अल्लाह के रसूल! मेरी मदद फरमाए तो में उस्के जवाब में कहूं में तेरे गुनाह की सज़ा को जरा भी नहीं हटा सकता, मेंने तो तुझे दुनिया में बात पहुंचा दी थी.

खुलासा : जानवरों के बोलने और कपडे के लेहराने का मतलब ये है की माले गनीमत की ये चोरियां कयामत के दिन छुपाई ना जा सकेगी, हर गुनाह चीख-चीख कर बताएगा और उस्के मुजरिम होने का एलान करेगा, मालूम रहे की ये सिर्फ माले गनीमत की चोरी के साथ खास नहीं है हर बडे गुनाह का यही हाल होगा.

_रिवायत बुखारी मुस्लिम का खुलासा | अबू हुरैरा रदी.

अल्लाह उस बुरे अंजाम से हर मुसलमान को बचाए और बुरा वकत आने से पहले तौबा की तौफीक हो.